


## आईसीसी टेस्ट रैंकिंगः टीव स्मिथ को पछाड़ विराट कोहली फिर बने नंबर-1 बल्लेबाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। टीम इंडिया के कैप्टन विराट कोहली ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में एक बार फिर नंबर–1 स्थान हासिल कर लिया है। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को पछाड़ा। विराट ने बांग्लादेश के खिलाफ हाल में खत्म हुई टेस्ट सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया जिससे उनकी रैंकिंग में सुधार आया। आईसीसी की ओर से जारी ताजा टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली 928 अंकों के साथ पहले स्थान पर हैं, जबकि स्टीव स्मिथ 923 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर खिसक गए हैं। एशेज सीरीज में शानदार प्रदर्शन के बाद स्टीव स्मिथ नंबर–1 बन गए थे, अब विराट कोहली एक बार फिर इस कुर्सी पर बैठ गए हैं। विराट ने 4 टेस्ट मैचों में कुल 774 रन बनाए थे। वहीं, ऑस्ट्रेलिया के मार्कस लाबुशाने पहली बार टॉप–10 में पहुंचे हैं और वह 8वें नंबर पर हैं। भारत के चेतेश्वर पुजारा चौथे और न्यू जीलैंड के केन विलियमसन तीसरे नंबर पर बरकरार हैं। गेंदबाजों में पेसर जसप्रीत बुमराह पांचवें नंबर पर हैं जबकि ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन 9वें नंबर पर हैं। पैट कमिंस नंबर 1 पर और कागिसो रबाडा नंबर–2 पर बरकरार हैं। स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ टेस्ट सीरीज में कुछ खास नहीं कर सके और इसका असर रैंकिंग पर भी पड़ा। स्मिथ ने ब्रिसबेन टेस्ट में केवल 4 रन बनाए जबकि एडिलेड टेस्ट में वह 36 रन बना सके।

# स्टंप्स से बैटिंग, एक साथ 2 बोलर ऐसे करेंगे कोहली को आउट : सिमंस

क्रिकेट

## भारत और वेस्ट इंडीज के बीच शुक्रवार से होगा सीरीज का आगाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। भारतीय कप्तान विराट कोहली को इस समय दुनिया का सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज माना जाता है। विपक्षी टीम की रणनीति का बड़ा हिस्सा कोहली के इर्द–गिर्द घूमता है। और 6 दिसंबर से भारत और वेस्ट इंडीज के बीच होने वाली सीरीज से पहले विंडीज टीम की योजना भी कुछ ऐसी ही है। वेस्ट इंडीज के कोच फिल सिमंस से जब कोहली को आउट करने की रणनीति के बारे में पूछा गया तो उन्होंने मजाकिया लहजे में कुछ उपाय सुझाए।

उन्होंने ईएसपीएनक्रिकइंफो से कहा, मैं कोहली से कहूंगा कि वह बल्ले के बजाय स्टंप्स से बल्लेबाजी करने को कहूंगा। इसके बाद उन्होंने दूसरा उपाय बताया, उन्होंने कहा कि हम वनडे में कोहली से एक दस्तखत करवा लेंगे। हम उन्हें




100 रन देकर बाकी बल्लेबाजों पर गेंदबाजी करेंगे।

सिमंस ने अपनी बातचीत में आगे कहा कि हमारी अगली कोशिश होगी अपनी रणनीति को अंजाम तक पहुंचाना। हम चाहेंगे कि कोहली के खिलाफ बनाई गई हमारी रणनीतियां कारगर साबित हों। हमारे बोलर्स उनसे ज्यादा डरें नहीं। या फिर ऐसा किया जा सकता है कि एक ही समय पर दो गेंदबाज उन्हें बोलिंग करें। शायद इससे हमें कुछ मदद मिले। लेकिन विराट कोहली को आउट करना काफी मुश्किल है। वह शानदार बल्लेबाज हैं।

भारत और वेस्ट इंडीज के बीच 6 दिसंबर से हैदराबाद में तीन टी20 इंटरनैशनल मैचों की सीरीज का आगाज हो रहा है। इसके बाद 8 और 10 को बाकी मैच खेले जाएंगे। टी20 सीरीज के बाद दोनों टीमों के बीच तीन वनडे इंटरनैशनल मैच भी खेले जाएंगे। वनडे सीरीज का आगाज 15 दिसंबर से होगा।

सिमंस ने माना कि भारत को हराना आसान नहीं है। 56 वर्षीय पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि उनके खिलाड़ियों को कोहली ऐंड कंपनी से पार पाने के लिए अपने अनुभव का इस्तेमाल करना होगा। सिमंस ने कहा, पिछले साल हमने भारत में कुछ टी20 और वनडे इंटरनैशनल मैच खेले थे और हम बहुत पीछे नहीं थे। एक मैच ऐसा था जो विचार से टाई हुआ था। तो हम भारत से बहुत ज्यादा पीछे नहीं थे।

कोहली बुधवार को जारी आईसीसी की ताजा रैंकिंग में टेस्ट बल्लेबाजों की लिस्ट में फिर एक बार नंबर एक की पोजिशन पर पहुंच गए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ को पछाड़कर चोटी पर कब्जा किया है। कोहली ने बांग्लादेश के खिलाफ पिंक बॉल टेस्ट में शानदार शतक लगाया वहीं स्मिथ पाकिस्तान के खिलाफ दो मैचों की सीरीज में ज्यादा रन नहीं बना पाए।

# बुमराह मेरे सामने बेबी बोलर सचिन विराट से आगेः रज्जाक

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। जसप्रीत बुमराह को इन दिनों दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार किया जाता है। दुनियाभर के बल्लेबाजों को उनकी गेंदबाजी के सामने मुश्किलें पेश आती हैं लेकिन पाकिस्तान के पूर्व ऑलराउंडर अब्दुल रज्जाक का मानना है कि वह बुमराह को आराम से खेल लेते। उनसे पूछा गया कि अगर बुमराह के सामने आपको आखिरी ओवर में 15 रन चाहिए होते तो क्या आपकी क्या रणनीति होती। इस पर उन्होंने कहा, मैंने दुनियाभर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना किया है। मुझे बुमराह को खेलने में कोई परेशानी नहीं होती। मुझे गेंदबाजी करते हुए दबाव बुमराह

**रज्जाक ने कहा अकरम, मैक्ग्रा और अख्तर को खेलने से मिलता आत्मविश्वास**

पर होता। जब आप ग्लेन मैक्ग्रा, वसीम अकरम और शोएब अख्तर जैसे गेंदबाजों का सामना कर चुके हों, तो आपको काफी आत्मविश्वास मिलता है और जब आप ऐसे बोलर्स को खेलकर आएं तो बुमराह मेरे लिए श्बेबी बोलरश ही होंगे। मैं आराम से उनका सामना करता। उन्हें भी पता होता है कि मैंने अपने दौर के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों का सामना किया है।

क्रिकेट पाकिस्तान के साथ बातचीत के दौरान हालांकि उन्होंने कहा कि आज के दौर के खिलाड़ियों के सामने बुमराह अच्छे गेंदबाज हैं और उनका यूनीक बोलिंग ऐक्शन उनकी कामयाबी का राज है। उन्होंने कहा, बुमराह आज के दौर के खिलाड़ियों के सामने बहुत अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं। उन्होंने काफी इंप्रूव भी किया है। उनका गेंदबाजी ऐक्शन थोड़ा अलगा है, वह अलग तरीके से भागते हैं लेकिन उनकी बॉल रिलीज बहुत अच्छी है।

उन्होंने कहा भारतीय कप्तान विराट कोहली के बारे में भी कहा कि उन्हें सचिन तेंडुलकर के बराबर नहीं रखा जा सकता। उन्होंने कहा, श्अगर आप 1992 से 2007 के बीच खेले खिलाड़ियों से बात करें तो वे आपको बताएंगे उस दौर में किस स्तर का क्रिकेट खेला जाता था। उस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी खेलते थे। अब दुनिया में उस स्तर के खिलाड़ी नहीं हैं।

## भारतीय जूनियर महिला टीम ने न्यूजीलैंड को 2–0 से हराया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** कैनबरा (आस्ट्रेलिया)। भारतीय जूनियर महिला हाकी टीम ने बुधवार को यहां न्यूजीलैंड को 2–0 से हराकर तीन देशों के टूर्नामेंट में अपने अभियान की सकारात्मक शुरुआत की। लालरिंडिकी ने भारत की तरफ से 15वें मिनट में पहला गोल किया जबकि मिडफील्डर प्रभालीन कौर ने 60वें मिनट में दूसरा गोल करके भारत की जीत में योगदान दिया। भारत ने शुरू से आक्रामक रवैया अपनाया और न्यूजीलैंड की एक नहीं चलने दी जिसने मंगलवार को अपने पहले मैच में आस्ट्रेलिया को 3–1 से हराया था। भारत को तीसरे मिनट में ही पेनल्टी कार्नर मिला था लेकिन वह इसे गोल में नहीं बदल पाया। पहले क्वार्टर के समाप्त होने से ठीक पहले न्यूजीलैंड की रक्षापंक्ति की गलती से भारत को गोल करने का सुनहरा अवसर मिला और लालरिंडिकी ने इसका फायदा उठाकर टीम को 1–0 से आगे कर दिया। गोलकीपर बिछू देवी खारिबाम ने दूसरे क्वार्टर में कुछ अच्छे बचाव करके न्यूजीलैंड को बराबरी का गोल नहीं करने दिया। तीसरे क्वार्टर में भी दोनों टीमों को कुछ अवसर मिले लेकिन वे गोल नहीं कर पायी। चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों ने एक दूसरे पर हावी होने की पूरी कोशिश की।

## न्यूज डायरी



## ताइक्वांडो में गीता ने देश को दिलाया सिल्वर मेडल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गुरुग्राम। नेपाल में 13वें साउथ एशियन गेम्स में गुरुग्राम की गीता यादव ने ताइक्वांडो प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल हासिल कर देश का नाम रोशन किया है। इसी के साथ ही जनवरी में ओलिंपिक के लिए होने वाले ट्रायल में भी उन्होंने जगह बना ली है। वजीराबाद गांव की रहने वाली 18 साल की गीता अभी 12वीं कक्षा की छात्रा हैं। वह गवर्नमेंट मॉडल संस्कृति स्कूल में पढ़ाई कर रही हैं। बोर्ड की तैयारियों के साथ–साथ गीता ने यह उपलब्धि हासिल की है। बता दें कि 1 से 10 दिसंबर तक साउथ एशियन गेम्स का आयोजन किया जा रहा है। गीता के पिता जितेंद्र कुमार ने बताया कि उनकी बेटी का यह पहला इंटरनैशनल मेडल है, इससे पहले वह 2018 में ताइवान में आयोजित वर्ल्ड चौंपियनशिप में हिस्सा ले चुकी है। वहीं, अब 2020 में ओलिंपिक और वर्ल्ड गेम्स आयोजित होने हैं, जिनमें भाग लेने के लिए गीता ट्रायल में अपनी भागीदारी दिखाएंगी।

## भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों के दक्षिण एशियाई खेलों में आठ पदक पक्के

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** पोखरा। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों ने 13वें दक्षिण एशियाई खेलों में अपना दबदबा बनाये रखा और चार व्यक्तिगत , चार युगल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश करके पदक पक्के कर लिये । शीर्ष वरीयता प्राप्त सिरिल वर्मा ने पाकिस्तान के मुराद अली को 27 . 12, 21 . 17 से हराकर एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई । महिला एकल में 16 बरस की गायत्री गोपीचंद ने दूसरी वरीयता प्राप्त पाकिस्तान की माहूर शाहजाद को 21 . 15, 21 . 16 से मात दी । शीर्ष वरीयता प्राप्त अश्मिता चालिहा ने पाकिस्तान की पलवाशा बशीर को 21 . 9 , 21 . 7 से परास्त किया । आर्यमन टंडन ने श्रीलंका के रंतुष्का करुणातिलके को 21 . 17, 21 . 17 से हराकर पुरूष एकल सेमीफाइनल में जगह बनाई।

## सीरीज से पहले वेस्ट इंडीज ने मोंटी देसाई को बल्लेबाजी कोच बनाया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** हैदराबाद। वेस्ट इंडीज ने भारत के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू हो रही सीमित ओवरों की सीरीज से पूर्व बुधवार को मोंटी देसाई को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया। देसाई को दो साल का अनुबंध दिया गया है और वह शुक्रवार को यहां होने वाले पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच से पूर्व टीम से जुड़ेंगे। देसाई ने 12 साल के करियर के दौरान अफगानिस्तान, नेपाल, कनाडा, भारत की क्षेत्रीय टीमों और आईपीएल टीमों राजस्थान रॉयल्स और गुजरात लॉयंस के साथ कोच की भूमिका निभाई है। इससे पहले वह यूएई की टीम के बल्लेबाजी कोच थे। वेस्ट इंडीज क्रिकेट बोर्ड ने बयान में कहा, 'हैदराबाद के राजीव गांधी स्टेडियम में शुक्रवार 6 दिसंबर को भारत के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज के पहले मैच से पूर्व देसाई वेस्ट इंडीज टीम के साथ जुड़ेंगे।' भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज के बाद वेस्ट इंडीज की टीम तीन मैचों की एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय सीरीज भी खेलेगी।

## नित्यानंद के नए देश कैलासा पर अश्विन की चुटकी, वीजा कैसे मिलता है?

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। रेप आरोपी और भगोड़ा घोषित नित्यानंद ने साउथ अमेरिका के एक देश इक्वाडोर में आइलैंड खरीदकर उसे हिंदू राष्ट्र भी घोषित कर दिया है। नित्यानंद ने इस देश का नाम कैलासा रखा है और इसकी आधिकारिक वेबसाइट भी बनाई है। क्रिकेटर आर. अश्विन ने इस पर चुटकी लेते हुए ट्वीट किया। अश्विन ने पूछा कि इस देश के वीजा मिलने की क्या प्रक्रिया है। भारत के मशहूर ऑफ स्पिनर सोशल मीडिया पर अक्सर अपनी राय रखते हैं। भगोड़े नित्यानंद के नया देश बनाने की खबरों पर चुटकी लेते हुए तमिलनाडु के गेंदबाज ने लिखा, श्कैलासा जाने के लिए वीजा लेने की क्या प्रक्रिया है? और क्या यह वीजा ऑन अराइवल है?श इसके साथ ही इस गेंदबाज ने एक इमोजी और हैशटैग कैलासा भी लिखा। इससे पहले तमिलनाडु की राजनीति पर भी अश्विन मजेदार ट्वीट कर चुके हैं।